संक्षेप |

पिता-पुत्र को साथ मिला सृजन सम्मान

लखनऊ। साहित्यगंधा एवं यूपी प्रेस क्लब की ओर से 11 वां सृजन सम्मान शनिवार को प्रेस क्लब में हुआ। सृजन सम्मान विनोद शंकर शुक्ल व युवा सम्मान पुत्र योगेश शुक्ल को दिया गया। इस अवसर पर सीमा मधुरिमा की पुस्तक स्त्री मन का स्पेक्ट्रम का लोकार्पण हुआ। मुख्य वक्ता महेंद्र भीष्म थे। अशोक राठौर, चंद्रेश शुक्ल, संतोष सिंह, सोमनाथ कश्यप, अरविंद झा, निशा सिंह, श्रुति भट्टाचार्य, प्रतिभा गुप्ता डॉ शोभा त्रिपाठी, शोभा दीक्षित, वर्षा श्रीवास्तव, निर्भय गुप्ता, अशोक चौधरी, विजय पुष्पम समेत कवियों ने काव्यपाठ किया।

एलयूः नेशनल फार्मेसी वीक का समापन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के भैषजिक विज्ञान संस्थान में बीफार्मा प्रथम वर्ष व डीफार्मा प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने 60वीं नेशनल फार्मेसी वीक का आयोजन 21 से 27 नवम्बर तक किया। इसमें रंगोली, पोस्टर, स्लोगन आदि प्रतियोगिताएं हुईं। शनिवार को इस कार्यक्रम का समापन हुआ और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

एमओयू उद्यमिता के नए रास्ते खोलेगा

लखनऊ। राजभवन में बीते शुक्रवार को भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद ने प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में प्रदेश के दो विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इससे न सिर्फ छात्रों के लिए उद्यमिता के रास्ते खुलेंगे बल्कि गांवों तक उद्यमियों को तैयार करने का मार्ग प्रशस्त होगा।